आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 12.09.2024 समय : 07.10

मुख्य समाचार :—

- प्रदेश में कई स्थानों पर भारी बारिश और बाढ़ के हालातों पर मुख्यमंत्री ने की आपात बैठकं
- कटनी में बहोरीबंद उद्वहन सिंचाई परियोजना का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभं
- दतिया में दीवार गिरने से एक ही परिवार के 7 लोगों की मौतं
- **मौसम विभाग ने** अशोकनगर, शिवपुरी, सहित 6 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट किया जारी हैं

बाढ़ बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जिलों में राहत एवं बचाव कार्य तथा अन्य व्यवस्थाओं पर सतत नजर बनाए हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज टीकमगढ़ जिले के कलेक्टर अवधेश शर्मा से वीडियो कॉलिंग पर चर्चा कर बाढ़ आपदा में फंसे 2 प्रभावितों के रेस्क्यू कार्य की जानकारी ली। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि जिले के महोबिया घाट गांव में धसान नदी के टापू पर 24 घंटे से फंसे हुए दो लोगों को बचाने के लिए पहले हेलीकॉप्टर से लिफ्ट करने के प्रयास किए गए। इसके बाद एनडीआरएफ की टीम द्वारा दोनों ग्रामीणों का सफलता पूर्वक रेस्क्यू किया गया। इसके पहले समत्व भवन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बाढ़ और उसके बचाव के लिए जारी कार्यों की आपात बैठक की। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में 30 सितम्बर तक वर्षा की संभावना है। अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति को देखते हुए अधिकारी-कर्मचारी छुट्टी पर नहीं जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जिलों की स्थिति की समीक्षा की। वी.सी. में समस्त संभागीय आयुक्त, आईजी, कमिश्नर आफ पुलिस, जिला कलेक्टर, एसपी जुडें। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि जहां पर भी बाढ़ के पानी में लोग फंसे हैं उन्हें हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट करने की तत्काल व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने गुना, दतिया, ग्वालियर, शिवपुरी, राजगढ़, टीकमगढ़ के कलेक्टर से जिले में अति वर्षा और बाढ़ संबंधी जानकारी प्राप्त की। इस बीच ग्वालियर जिले की डबरा तहसील के ग्राम सेंकरा व डबरा में फंसे लोगों को निकालने के लिए एनडी आरएफ टीम को बुलाया गया हैं

मुख्यमंत्री कटनी

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज कटनी जिले में बहोरीबंद उद्वहन सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्यो का शुभारंभ कियां इस अवसर पर उन्होंने कहा कि —बाईट—मुख्यमंत्री

बहोरीबंद में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कई अन्य विकास कार्यो की भी सौगात दीं उन्होंने बहोरीबंद को नगरपरिषद बनाये जाने और जिले के प्राचीन दर्शनीय स्थल रूपनाथ और केन नदी उद्गम स्थल को र्प्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा कीं

इस अवसर पर उन्होंने 55 करोड़ रूपये की लागत के विभिन्न कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण कियां बाद में मुख्यमंत्री कटनी में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान कार्यक्रम में शामिल हुएं

स्वच्छता अभियान

प्रदेश में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा 2024' अभियान में में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की भी सहभागिता होगी। इस संबंध में आज खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने एक बैठक में निर्देश दिए। अभियान के दौरान विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियां को समाहित कर एक कैलेंडर तैयार किया जाएगा। उन्होंने अभियान अवधि के प्रत्येक दिन यूथ कोऑर्डिनेटर के साथ मिलकर गतिविधियां संचालित की करने और जन-प्रतिनिधियों एवं नागरिकों के सहयोग से जिला स्तर पर भी कार्यक्रम करने के निर्देश दिए।

पद्म पुरस्कार नामांकन

पद्म पुरस्कार 2025 के लिए इस महीने की 15 तारीख तक नाम भेजे जा सकते हैं। पद्म पुरस्कारों की घोषणा अगले वर्ष गणतंत्र दिवस पर की जाएगी। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रक्रिया इस वर्ष पहली मई को शुरू हुई थी। नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाईन स्वीकार किए जाएंगे। नामांकन में सभी प्रासंगिक विवरण शामिल होने चाहिए। इसमें पुरस्कार के लिए अनुशंसित व्यक्ति की विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों का उल्लेख होना चाहिए।

सीताराम येचुरी

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी - सीपीआईएम महासचिव सीताराम येचुरी का आज नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान - एम्स में निधन हो गया। 72 वर्षीय येचुरी लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। शनिवार को उनका पार्थिव शरीर नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि के लिए रखा जाएगा। उनके परिवार ने चिकित्सीय अनुसंधान के लिए शरीर को एम्स को दान कर दिया है।

दतिया दुर्घटना

दतिया में लगातार 48 घंटे से हो रही बारिश के कारण खलकापुरा मोहल्ले में 400 साल पुरानी राजसी दीवार गिरने 7 लोग की मौत हो गई। पुरानी दीवार दो कच्चे मकान पर जा गिरी जिससे  एक ही परिवार के नौ लोग दब गये । दतिया जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन , एन डी आर एफ की टीम द्वारा चलाये गये राहतकार्य के बाद दो व्यक्तियों को बचा लिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ, मोहन यादव ने घटना पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिवारजनों को

4–4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिये हैं दतिया कलेक्टर संदीप माकिन ने घटना की जानकारी देते बताया.

पुस्तक विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज "सेल्फ मैनेजमेंट थ्रू सेल्फ इवेलुएशन" किताब का समत्व भवन में विमोचन किया। डॉ. विक्रांत सिंह तोमर की "आत्मबोध" पर केंद्रित इस पुस्तक का आमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने लिखा है। डॉ. भागवत ने पुस्तक को नई पीढ़ी के युवाओं के स्व-मूल्यांकन के लिए उपयोगी साधन निरूपित किया है। भारतीय आध्यात्मिक अवधारणाओं पर अंग्रेजी में प्रकाशित इस पुस्तक के 7 अध्याय हैं। प्रश्नावली के स्वरूप में यह पुस्तक कर्म व ज्ञान योग तथा भक्ति के माध्यम से स्वयं के उत्थान और कुंडलिनी द्वारा अपनी क्षमताओं के परीक्षण का अवसर प्रदान करती है।

इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव

सागर में 27 सितंबर को आयोजित होने वाली रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव को लेकर तैयारियां जारी है। आज जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इसमें खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद श्रीमती लता वानखेड़े, के अलावा कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि पीटीसी ग्राउंड में आयोजित होने वाली इस कान्क्लेव के लिए अब तक 1000 से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं और अगले कुछ ही दिनों में रजिस्ट्रेशन की संख्या 3000 से अधिक होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि कान्क्लेव के माध्यम से सागर संभाग में पेट्रोकेमिकल, प्लास्टिक प्रोडक्ट्स, एग्रीकल्चर, फूड प्रोसेसिंग, डेयरी प्रोडक्ट्स , एमएसएमई, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट जैसे विभिन्न उद्योगों के लिए निवेश मिलेगा। इसके साथ ही क्षेत्रीय उत्पादों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। सांसद श्रीमती लता वानखेड़े ने कहा कि इस आयोजन से क्षेत्र में न केवल औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलेगा वहां बल्कि यहां आर्थिक विकास के साथ-साथ रोजगार भी सृजित होगा। रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव में भाग लेने के लिए प्रतिभागी 10 सिंतबर तक अपना पंजीयन आनलाईन करवा सकते है।

पोषण संबंधी जागरूकता

रायसेन में केंद्रीय संचार ब्यूरो, द्वारा वन परिसर में आयोजित किये जा रहे तीन दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी और जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत गीत एवं नाटक प्रभाग के कलाकारों द्वारा आज बाल विवाह की बुराईयों के बारे में जानकारी दी गई। नाटक के माध्यम से बताया गया कि समाज में व्याप्त बाल विवाह की कुरीतियों के कारण बड़ी संख्या में छोटे बच्चों का विवाह कर उनका जीवन कठिनाईमय बना देते हैं। इस विषय में बाल संरक्षण अधिकारी राजा वर्मा द्वारा भी विस्तार से जानकारी देकर उपस्थित जन को जागरूक किया गया। इस अभियान के दूसरे दिन आज उपस्थित महिलाओं और किशोरी बालिकाओं के लिए विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पुरस्कार वितरण केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अजय प्रकाश उपाध्याय और बाल संरक्षण अधिकारी राजा वर्मा ने प्रदान किये।

मौसम

प्रदेश में लगातार बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया,श्योपुर और निवाड़ी जिलों के लिए अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया हैं प्रदेश के अन्य जिलों के लिए कहीं–कहीं भारी वर्षा का यलों अलर्ट जारी किया गया हैं साथ ही भिंड, मुरैना, ग्वालियर, श्योपुर, शिवपुरी जिलों के लिए बाढ़ का खतरा की भी संभावना जताई हैं इस बीच प्रदेश में आज भी लगातार बारिश हो रही हैं ब्यावरा में सर्वाधिक 356 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गईं इसके अलावा नर्मदापुरम, शहडोल, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल सागर संभागों में तेज बारिश हो रही हैं शिवपुरी में दो दिन से हो रही बारिश से जनजीवन अस्वयस्त हो गया हैं आज केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जिला कलेक्टर के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक कीं श्री सिंधिया ने अशोकनगर कलेक्टर से भी वर्षा की स्थिति की जानकारी लीं

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- देवास कृषि विज्ञान केन्द्र, द्वारा प्राकृतिक खेती पर कृषक प्रशिक्षण आयोजित किया गयां प्रशिक्षण में कृषि विश्व विद्यालय ग्वालियर के निदेशक डॉ. वाय.पी.सिंह. ने किसानों को खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए जानकारी प्रदान की गईं
- खंडवा में आज राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान के तहत् शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय स्कूलों में टी.डी. के टीके लगाये गये। जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से सरकारी स्कूल एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के शिक्षा केन्द्रों पर वैक्सीनेशन किया जा रहा है।

समाचार एक बार फिर ....

- प्रदेश में कई स्थानों पर भारी बारिश और बाढ़ के हालातों पर मुख्यमंत्री ने की आपात बैठकं
- कटनी में बहोरीबंद उद्वहन सिंचाई परियोजना का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभं

- दतिया में दीवार गिरने से एक ही परिवार के 7 लोगों की मौतं
- **मौसम विभाग ने** अशोकनगर, शिवपुरी, सहित 6 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट किया जारी हैं

....................